उ0प्र0 भू–सम्पदा विनियामक प्राधिकरण,

राज्य नियोजन संस्थान, (नवीन भवन)

कालाकांकर हाउस, पुराना हैदराबाद, लखनऊ–226007

विज्ञापन सं0–03/स्थापना/भर्ती/2018–19 **दिनांकः–26 सितम्बर 2018**

1. उ0प्र0 भू–सम्पदा विनियामक प्राधिकरण (उ0प्र0 रेरा) में निम्नलिखित पदों को, निर्धारित शर्तों तथा प्रतिबन्धों के अधीन संविदा/प्रतिनियुक्ति के माध्यम से भरने हेतु, पात्र अभ्यर्थियों के आवेदन पत्र निर्धारित प्रारूप पर आनलाइन आमंत्रित किये जाते हैं :–

क्र0सं0	पदों का नाम	पे–बैण्ड तथा ग्रेड–पे	पदों की संख्या	नियुक्ति का स्रोत	अर्हता, अनुभव, अतिरिक्त कार्य अपेक्षाएं तथा वरीयता
1.	तकनीकी सलाहकार	37400–67000 ग्रेड पे–8700	01	संविदा/प्रतिनियुक्ति के माध्यम से	उम्मीदवार भारत का नागरिक हो। **आयुः**–62 वर्ष से अधिक न हो **शैक्षिक योग्यताः**– किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय/प्रौद्योगिकी संस्थान से सिविल/स्ट्रक्चरल इंजीनियरिंग/आई0टी0 अथवा नगर नियोजन में उपाधि। **अनुभवः**– किसी सरकारी संगठन में प्रथम श्रेणी के पद पर न्यूनतम 10 वर्ष कार्य करने का अनुभव। **अतिरिक्त कार्य अपेक्षाएंः**–उम्मीदवार से उच्च कोटि की नेतृत्व क्षमता, कम्प्यूटर तथा सूचना प्रौद्योगिकी का पर्याप्त ज्ञान अपेक्षित होगा। **वरीयताः**– नगर विकास, आवास विकास, नगरीय नियोजन, रियल इस्टेट सेक्टर में प्रबन्धकीय तथा पर्यवेक्षणीय स्तर पर कार्य के अनुभव के लिए वरीयता दी जाएगी।

2	विधि सलाहकार	15600–39100 ग्रेड पे–7600	01	संविदा/ प्रतिनियुक्ति के माध्यम से	उम्मीदवार भारत का नागरिक हो। **आयुः**–62 वर्ष से अधिक न हो। **योग्यता तथा अनुभव**–राज्य न्यायिक सेवा के सिविल जज (सीनियर डिवीजन) के समकक्ष अधिकारी अथवा उच्च न्यायालय में कम से कम 15 वर्ष तक अधिवक्ता के रूप में कार्य का अनुभव अथवा किसी प्रतिष्ठित लॉ–कम्पनी/फर्म में कम से कम 7 वर्ष का अनुभव, संवाद व जिरह करने में दक्ष। **अतिरिक्त कार्य अपेक्षाएंः**–उम्मीदवार से उच्च कोटि के विधिक ज्ञान, कम्प्यूटर का पर्याप्त ज्ञान तथा सूचना प्रौद्योगिकी का व्यवहारिक ज्ञान। **वरीयताः**– सिविल के साथ–साथ रियल इस्टेट सेक्टर एवं कम्पनी–लॉ के क्षेत्र में कार्य के अनुभव के लिए वरीयता दी जाएगी।
3	डिप्टी सेक्रेटरी	15600–39100 ग्रेड पे–7600	01	प्रतिनियुक्ति के माध्यम से	उम्मीदवार भारत का नागरिक हो। **आयुः**– 50 वर्ष से अधिक न हो। **शैक्षिक योग्यताः**– किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से स्नातक की डिग्री। **अनुभवः**– सरकारी/गैर सरकारी संगठन में पर्यवेक्षण स्तर पर प्रशासनिक कार्य करने का न्यूनतम 10 वर्ष का अनुभव। **अतिरिक्त कार्य अपेक्षाएंः**–उम्मीदवार से उत्कृष्ट कोटि की नेतृत्व क्षमता तथा पर्याप्त कम्प्यूटर ज्ञान अपेक्षित होगा।
4.	अधिशासी अभियन्ता	15600–39100 ग्रेड पे–6600	01	संविदा/ प्रतिनियुक्ति के माध्यम से	उम्मीदवार भारत का नागरिक हो। **आयुः**–45 वर्ष से अधिक न हो। **शैक्षिक योग्यताः**– किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय/प्रौद्योगिकी संस्थान से सिविल इंजीनियरिंग में उपाधि। **अनुभवः**– सरकारी संगठन, प्रतिष्ठित निजी प्रतिष्ठान/संस्थान में न्यूनतम 12 वर्ष तक कार्य करने का अनुभव। **अतिरिक्त कार्य अपेक्षाएंः**–उम्मीदवार से उच्च कोटि की नेतृत्व क्षमता, कम्प्यूटर का पर्याप्त ज्ञान तथा सूचना प्रौद्योगिकी का व्यवहारिक ज्ञान। **वरीयताः**–नगर विकास, आवास विकास, नगरीय नियोजन, रियल इस्टेट सेक्टर में प्रबन्धकीय तथा पर्यवेक्षणीय स्तर पर कार्य के अनुभव के लिए वरीयता दी जाएगी।

5.	नगर नियोजक	15600–39100 ग्रेड पे–6600	01	संविदा/ प्रतिनियुक्ति के माध्यम से	उम्मीदवार भारत का नागरिक हो। **आयुः**– 45 वर्ष से अधिक न हो। **शैक्षिक योग्यताः**– किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय/संस्थान से नगर नियोजन में उपाधि एवं इस्टीट्यूट ऑफ टाउन प्लानर्स आफ इण्डिया की सदस्यता। **अनुभवः**– सरकारी/प्रतिष्ठित निजी संगठन/प्रतिष्ठान में न्यूनतम 07 वर्ष तक कार्य करने का अनुभव। **अतिरिक्त कार्य अपेक्षाएंः**– उम्मीदवार से उच्च कोटि की नेतृत्व क्षमता, कम्प्यूटर का पर्याप्त ज्ञान तथा सूचना प्रौद्योगिकी का व्यवहारिक ज्ञान। **वरीयताः**– नगर विकास, आवास विकास, नगरीय नियोजन, रियल इस्टेट सेक्टर में प्रबन्धकीय तथा पर्यवेक्षणीय स्तर पर कार्य के अनुभव के लिए वरीयता दी जाएगी।
6.	प्रशासनिक अधिकारी	15600–39100 ग्रेड पे–5400	01	संविदा/ प्रतिनियुक्ति के माध्यम से	उम्मीदवार भारत का नागरिक हो। **आयुः**–62 वर्ष से अधिक न हो। **शैक्षिक योग्यताः**– किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय/संस्थान से स्नातक की उपाधि। **अनुभवः**– किसी भी सरकारी अथवा प्रतिष्ठित गैर सरकारी संगठन में न्यूनतम 5 वर्ष का समान प्रकृति के कार्यों के पर्यवेक्षण का अनुभव। **दक्षता** :– उम्मीदवार के लिए पर्याप्त कम्प्यूटर ज्ञान का होना अपेक्षित है।
7.	सहायक अभियन्ता	15600–39100 ग्रेड पे–5400	01	संविदा/ प्रतिनियुक्ति के माध्यम से	उम्मीदवार भारत का नागरिक हो। **आयुः**– 21 वर्ष से कम तथा 35 वर्ष से अधिक न हो। **शैक्षिक योग्यताः**– किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय/प्रौद्योगिकी संस्थान से सिविल इंजीनियरिंग में उपाधि। **अनुभवः**– सरकारी संगठन, प्रतिष्ठित निजी प्रतिष्ठान/संस्थान में न्यूनतम 2 वर्ष तक कार्य करने का अनुभव। **अतिरिक्त कार्य अपेक्षाएंः**– उम्मीदवार से पर्याप्त कम्प्यूटर का पर्याप्त ज्ञान तथा सूचना प्रौद्योगिकी का व्यवहारिक ज्ञान अपेक्षित होगा। **वरीयताः**– नगर विकास, आवास विकास, नगरीय नियोजन, रियल इस्टेट सेक्टर में पर्यवेक्षणीय स्तर पर कार्य के अनुभव के लिए वरीयता दी जाएगी।

8.	सहायक निदेशक (आई0टी0) / सिस्टम एनालिस्ट	15600—39100 ग्रेड पे—5400	01	संविदा / प्रतिनियुक्ति के माध्यम से	उम्मीदवार भारत का नागरिक हो। **आयुः**—40 वर्ष से अधिक न हो। **शैक्षिक योग्यताः**—किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय / संस्थान से एम0सी0ए0 / बी.टेक (कम्प्यूटर साइंस) की उपाधि। **अनुभवः**— किसी भी सरकारी अथवा प्रतिष्ठित गैर सरकारी संगठन में प्रोग्रामिंग से सम्बन्धित 5 वर्ष का अनुभव। **अतिरिक्त कार्य अपेक्षाएंः**— वेबसाइट डेवलपमेन्ट, SQL डाटाबेस, साफ्टवेयर तथा प्रोग्रामिंग के क्षेत्र में दक्षता। **वरीयताः**—केन्द्र अथवा राज्य सरकार के प्रतिष्ठित उपक्रमों में कार्य अनुभव।
9.	विधि सहायक	9300—34800 ग्रेड पे—4800	01	संविदा / प्रतिनियुक्ति के माध्यम से	उम्मीदवार भारत का नागरिक हो। **आयुः**—21 वर्ष से कम तथा 35 वर्ष से अधिक न हो। **शैक्षिक योग्यताः**— किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय / संस्थान से विधि स्नातक। **अनुभवः**—किसी सरकारी / प्रतिष्ठित गैर सरकारी संगठन में कम से कम 3 वर्ष तक वाद / न्यायायिक कार्य से सम्बन्धित कार्यों के करने का अनुभव। **वरीयताः**—निर्धारित शैक्षिक योग्यता तथा अनुभव के साथ पर्याप्त कम्प्यूटर ज्ञान तथा आई0टी0 के व्यवहारिक ज्ञान के लिए वरीयता दी जाएगी।
10.	अवर अभियन्ता	9300—34800 ग्रेड पे—4800	01	संविदा / प्रतिनियुक्ति के माध्यम से	उम्मीदवार भारत का नागरिक हो। **आयुः**—21 वर्ष से कम तथा 35 वर्ष से अधिक न हो। **शैक्षिक योग्यताः**—किसी सरकारी अथवा मान्यता प्राप्त प्रौद्योगिकी संस्थान से सिविल इंजीनियरिंग में 3 वर्षीय डिप्लोमा। **अनुभवः**— सरकारी संगठन / प्रतिष्ठित निजी संस्थान / प्रतिष्ठान में न्यूनतम 2 वर्ष तक कार्य करने का अनुभव। **वरीयताः**—आवास विकास, नगर विकास, अवस्थापना एवं सरंचना से सम्बन्धित विभागों / प्रतिष्ठित संगठनों में कार्यों के साथ—साथ पर्याप्त कम्प्यूटर ज्ञान तथा आई0टी0 के व्यवहारिक ज्ञान के लिए वरीयता दी जाएगी।

11.	आशुलिपिक ग्रेड–1	9300–34800 ग्रेड पे–4800	03	संविदा/ प्रतिनियुक्ति के माध्यम से	उम्मीदवार भारत का नागरिक हो। **आयु:**–62 वर्ष से अधिक न हो। **शैक्षिक योग्यता:**–माध्यमिक शिक्षा परिषद उ.प्र. की इण्टरमीडिएट की परीक्षा या सरकार द्वारा उसके समकक्ष मान्यता प्राप्त कोई परीक्षा उत्तीर्ण कर ली हो, हिन्दी और अंग्रेजी आशुलेखन में क्रमश: 80 शब्द और 100 शब्द की न्यूनतम गति, टंकण में हिन्दी और अंग्रेजी में क्रमश: 25 शब्द प्रति मिनट और 30 शब्द प्रति मिनट की न्यूनतम गति के साथ कम्प्यूटर का ज्ञान (Doeacc सोसाइटी द्वारा संचालित CCC पाठ्यक्रम अथवा माध्यमिक शिक्षा उ.प्र. द्वारा संचालित कम्प्यूटर पाठ्यक्रम या सरकार द्वारा उसके समकक्ष मान्यता प्राप्त कम्प्यूटर पाठ्यक्रम उत्तीर्ण किया हो)। **अनुभव:**– 10 वर्ष तक आशुलिपिक/वैयक्तिक सहायक के कार्यों का अनुभव। **अतिरिक्त कार्य अपेक्षाएं:**– हिन्दी तथा अंग्रेजी टाइपिंग तथा हिन्दी तथा अंग्रेजी आशुलिपि में पारंगत होने के साथ–साथ कम्प्यूटर पर कार्य करने की दक्षता। **वरीयता:**–न्यायिक/अर्द्धन्यायिक कार्यो से सम्बन्धित न्यायालयों, अधिकरणों तथा आयोगों आदि में पर्याप्त कार्य अनुभव के लिए वरीयता दी जाएगी।
12.	लेखाकार	9300–34800 ग्रेड पे–4200	02	संविदा/ प्रतिनियुक्ति के माध्यम से	उम्मीदवार भारत का नागरिक हो। **आयु:**–35 वर्ष से अधिक न हो। **शैक्षिक योग्यता:**–किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय/संस्थान से कामर्स में स्नातक की उपाधि अथवा सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय अथवा संस्थान से एकाउण्टेंसी से स्नातकोत्तर डिप्लोमा। कम्प्यूटर पर कार्य करने की दक्षता। **अनुभव:**– सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त किसी संस्थान में कम्प्यूटर संचालन में "ओ" लेवल का डिप्लोमा, सरकारी संगठन अथवा सरकारी उपक्रम/प्रतिष्ठान में डबल इन्ट्री अकाउण्टिंग सिस्टम के साथ वित्त एवं लेखा सम्बन्धी कार्य करने का न्यूनतम 5 वर्ष का अनुभव। **दक्षता** :– कम्प्यूटर पर कार्य करने में दक्षता।
13.	आशुलिपिक ग्रेड–2	5200–20200 ग्रेड पे–2800	03	संविदा/ प्रतिनियुक्ति के माध्यम से	उम्मीदवार भारत का नागरिक हो। **आयु:**–21 वर्ष से कम तथा 35 वर्ष से अधिक न हो। **शैक्षिक योग्यता:**– माध्यमिक शिक्षा परिषद उ.प्र. की इण्टरमीडिएट की परीक्षा या सरकार द्वारा उसके समकक्ष मान्यता प्राप्त कोई परीक्षा उत्तीर्ण कर ली हो, हिन्दी और अंग्रेजी आशुलेखन में क्रमश: 80 शब्द और 100 शब्द की न्यूनतम गति, टंकण में हिन्दी और

					अंग्रेजी में क्रमशः 25 शब्द प्रति मिनट और 30 शब्द प्रति मिनट की न्यूनतम गति के साथ कम्प्यूटर का ज्ञान (Doeacc सोसाइटी द्वारा संचालित CCC पाठ्यक्रम अथवा माध्यमिक शिक्षा उ.प्र. द्वारा संचालित कम्प्यूटर पाठ्यक्रम या सरकार द्वारा उसके समकक्ष मान्यता प्राप्त कम्प्यूटर पाठ्यक्रम उत्तीर्ण किया हो)। **अतिरिक्त कार्य अपेक्षाएं:–** हिन्दी तथा अंग्रेजी टाइपिंग तथा हिन्दी तथा अंग्रेजी आशुलिपि में पारंगत होने के साथ–साथ कम्प्यूटर पर कार्य करने में दक्षता। **वरीयता:–** न्यायिक/अर्द्धन्यायिक कार्यों से सम्बन्धित न्यायालयों, अधिकरणों तथा आयोगों आदि में कार्य अनुभव के लिए वरीयता दी जाएगी।
14.	कम्प्यूटर ऑपरेटर	5200–20200 ग्रेड पे–2800	05	संविदा के माध्यम से	उम्मीदवार भारत का नागरिक हो। **आयु:**–21 वर्ष से कम तथा 30 वर्ष से अधिक न हो। **शैक्षिक योग्यता:–** माध्यमिक शिक्षा परिषद उ.प्र. की इण्टरमीडिएट की परीक्षा या सरकार द्वारा उसके समकक्ष मान्यता प्राप्त कोई परीक्षा उत्तीर्ण कर ली हो, हिन्दी टंकण में न्यूनतम 25 शब्द प्रति मिनट गति के साथ कम्प्यूटर का ज्ञान (DOEACC सोसाइटी द्वारा संचालित CCC पाठ्यक्रम अथवा माध्यमिक शिक्षा उ.प्र. द्वारा संचालित कम्प्यूटर पाठ्यक्रम या सरकार द्वारा उसके समकक्ष मान्यता प्राप्त कम्प्यूटर पाठ्यक्रम उत्तीर्ण किया हो)। **अतिरिक्त कार्य अपेक्षाएं:–** हिन्दी तथा अंग्रेजी टाइपिंग में पारंगत होने के साथ–साथ कम्प्यूटर पर कार्य करने में दक्षता।

2. चयनित अभ्यर्थी को उत्तर प्रदेश में कहीं भी नियुक्त किया जा सकता है।
3. प्रतिनियुक्ति के आधार पर नियुक्ति हेतु आवेदन करने वाले अभ्यर्थियों के लिए आवेदन पत्र के साथ नियोक्ता द्वारा प्रदत्त अनापत्ति प्रमाण पत्र प्रस्तुत करना अनिवार्य है।
4. पद के सम्मुख अंकित आयु सीमा संविदा के आधार पर नियुक्ति के मामलों में लागू होगी।
5. प्रतिनियुक्ति के आधार पर कार्मिकों की सेवाएं उ0प्र0 शासन द्वारा प्रख्यापित नियमावली तथा समय–समय पर जारी शासनादेशों से विनियमित होगी।
6. विज्ञापित पदों पर सुयोग्य तथा अनुभवी अभ्यर्थियों की सेवाएं प्राप्त करने के उद्देश्य से यथासम्भव नियुक्तियां संविदा के आधार पर की जाएंगी।

7. संविदा के आधार पर प्रथम नियुक्ति अधिकतम 3 वर्ष के लिए या 65 वर्ष आयु तक के लिए, जो भी पहले हो, होगी।
8. सम्बन्धित कर्मी का कार्य उत्कृष्ट स्तर का होने पर प्राधिकरण द्वारा संविदा की अवधि बढ़ायी जा सकती है, परन्तु यह कि संविदा की अवधि एक बार में एक बार में एक वर्ष तथा कुल मिलाकर दो वर्ष से अधिक अवधि के लिए नहीं बढ़ायी जाएगी।सम्बन्धित कर्मी द्वारा 65 वर्ष की आयु पूरी कर लेने पर किसी भी दशा में संविदा में विस्तार नहीं किया जाएगा।
9. संविदा पर नियुक्ति कार्मिकों सम्बन्धित पद पर अनुमन्य वेतन बैण्ड एवं ग्रेड वेतन का न्यूनतम तथा राज्य कर्मचारियों को समय–समय पर देय महंगाई भत्ते के समान धनराशि को जोड़ते हुए अनुमन्य करायी जाएगी;

परन्तु यह कि सेवानिवृत्त कर्मियों को देय वेतन का निर्धारण उ0प्र0 शासन वित्त (सामान्य) अनुभाग–3 के शासनादेश संख्या–सा–3–302/दस–2013–308/97टी0सी0 दिनांक 22 अप्रैल 2013 में निहित प्राविधानों के अनुसार किया जाएगा,

परन्तु यह कि सम्बन्धित कार्मिकों को राज्य सरकार के कर्मियों के भांति वार्षिक वेतन वृद्धि, महंगाई भत्ता तथा समय–समय पर अनुमन्य अन्य लाभ एवं सुविधाएं अनुमन्य होंगी,

परन्तु यह कि केन्द्र सरकार अथवा राज्य सरकार के अधीन/केन्द्र अथवा राज्य सरकार के अधीन सार्वजनिक प्रतिष्ठानों, उपक्रमों, स्वायत्यशासी संगठनों आदि में कार्यरत कर्मियों को प्राधिकरण में उनकी नियुक्ति की दशा में नियमानुसार वेतन संरक्षण अनुमन्य होगा।

10. विधि सहायक, अवर अभियन्ता, आशुलिपिक ग्रेड–1, लेखाकार, आशुलिपिक ग्रेड–2 तथा कम्प्यूटर ऑपरेटर पद के लिए आवेदन करने वाले शोर्टलिस्टेड अभ्यर्थियों को लिखित परीक्षा/कम्प्यूटर टेस्ट के लिए बुलाया जायेगा। लिखित परीक्षा/कम्प्यूटर टेस्ट से सम्बन्धित प्रकिया वेबसाइट पर देखी जा सकेगी।
11. संविदा पर नियुक्त कर्मियों को वर्ष में या समानुपातिक आधार पर पूर्ण सेवाओं के लिए वर्ष में 30 दिन का अर्जित अवकाश तथा राज्य सरकार के कर्मियों को अनुमन्य आकस्मिक अवकाश देय होगा।
12. संविदा के आधार पर नियुक्ति के मामलों में प्राधिकरण तथा सम्बन्धित कर्मी के मध्य अनुबन्ध निष्पादित किया जाएगा और ऐसे कर्मी या प्राधिकरण को 30 दिन की अग्रिम नोटिस देकर या ऐसी नोटिस के बदले में 30 दिन के वेतन की धनराशि का भुगतान करके अनुबन्ध/संविदा को समाप्त करने का अधिकार होगा।
13. संविदा के आधार पर चयनित कर्मी या सेवानिवृत्त कर्मियों को प्राधिकरण में पद पर योगदान के समय मुख्य चिकित्साधिकारी द्वारा प्रदत्त स्वास्थ्य प्रमाण पत्र प्रस्तुत करना आवश्यक होगा।
14. अर्ह अभ्यर्थियों द्वारा उ0प्र0 रेरा (उ0प्र0 भू–सम्पदा विनियामक प्राधिकरण) के वेब पोर्टल www.up-rera.in पर दिनांक 28.09.2018 से दिनांक 12.10.2018 के अन्तराल में निर्धारित प्रारूप पर आनलाइन आवेदन किया जा सकता है। आवेदन का प्रारूप उक्त वेबसाइट पर उपलब्ध है।

सचिव

उ.प्र. भू–सम्पदा विनियामक प्राधिकरण

नवीन भवन, राज्य नियोजन संस्थान, कालाकांकर हाउस,
ओल्ड हैदराबाद, लखनऊ–226007

संख्याः 3444/स्थापना/भर्ती/2018–19 दिनांकः 26 सितम्बर, 2018

विज्ञापन संख्या–03/स्थापना/भर्ती/2018–19

उ0प्र0 भू–सम्पदा विनियामक प्राधिकरण (रेरा) में निम्नलिखित पदों को निर्धारित शर्तों तथा प्रतिबन्धों के अधीन संविदा/प्रतिनियुक्ति के माध्यम से भरने हेतु पात्र अभ्यर्थियों से दिनांक 28.09.2018 से 12.10.2018 तक आनलाईन आवेदन–पत्र उ.प्र. रेरा के वेब पोर्टल www.up-rera.in के माध्यम से आमंत्रित किए जाते है:–

क.सं.	पद का नाम	पे–बैण्ड/ग्रेड–पे	संख्या
1.	तकनीकी सलाहकार	37400–67000 ग्रेड पे–8700	01
2.	विधि सलाहकार	15600–39100 ग्रेड पे–7600	01
3.	डिप्टी सेकेटरी	15600–39100 ग्रेड पे–7600	01
4.	अधिशासी अभियंता	15600–39100 ग्रेड पे–6600	01
5.	नगर नियोजक	15600–39100 ग्रेड पे–6600	01
6.	प्रशासनिक अधिकारी	15600–39100 ग्रेड पे–5400	01
7.	सहायक अभियंता	15600–39100 ग्रेड पे–5400	01

क.सं.	पद का नाम	पे–बैण्ड/ग्रेड–पे	संख्या
8.	सहायक निदेशक (सिस्टम्स)/सिस्टम एनालिस्ट	15600–39100 ग्रेड पे–5400	01
9.	विधि सहायक	9300–34800 ग्रेड पे–4800	01
10.	अवर अभियंता	9300–34800 ग्रेड पे–4800	01
11.	आशुलिपिक ग्रेड–1	9300–34800 ग्रेड पे–4800	03
12.	लेखाकार	9300–34800 ग्रेड पे–4200	02
13.	आशुलिपिक ग्रेड–2	5200–20200 ग्रेड पे–2800	03
14.	कम्प्यूटर आपरेटर	5200–20200 ग्रेड पे–2800	05

विस्तृत विज्ञापन एवं पदों की अर्हता, शर्तें सम्बन्धी विस्तृत विवरण रेरा की वेबसाइट www.up-rera.in पर उपलब्ध हैं।

उपरोक्त सूची में कम संख्या–9 से 14 पर अंकित पदों के लिए आवेदन करने वाले अभ्यर्थियों से प्राप्त आवेदन पत्रों में से शोर्टलिस्टेड अभ्यर्थियों को लिखित परीक्षा/कम्प्यूटर टेस्ट के लिए बुलाया जायेगा। लिखित परीक्षा/कम्प्यूटर टेस्ट से सम्बन्धित प्रकिया वेबसाइट पर देखी जा सकेगी।